Name ..................................Roll No.......................................... **CT**

# प्री बोर्ड परीक्षा-2022

**समय-3.00 घण्टे** **कक्षा-XII** **पूर्णांक-100**

## विषय-हिन्दी

नोट-इस प्रश्न पत्र में दो खण्ड है दोनों के सभी प्रश्नों का उत्तर देना आवश्यक है।

### खण्ड-क

1. (क) **'आत्मकथा' रचना है-**
   (अ) जयशंकर प्रसाद (ब) राजेन्द्र प्रसाद
   (स) विनोबाभावे (द) काका कालेलकर

   (ख) **'मेरा कालेज डायरी' के लेखक हैं-**
   (अ) धर्मवीर भारती (ब) कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर
   (स) वियोगी हरि (द) धीरेन्द्र वर्मा

   (ग) **छायावादी युग की पत्रिका है-**
   (अ) कर्मवीर (ब) गंगा (स) प्रभा (द) प्रताप

   (घ) **गंगा पत्रिका के सम्पादक हैं-**
   (अ) कमलेश्वर (ब) महावीर प्रसाद द्विवेदी
   (स) गुलाबराय (द) धर्मवीर भारती

   (ङ) **निम्न रचनाओं में गद्यगीत है-**
   (अ)भाषा रहस्य (ब) पागल पथिक (स) सूर साहित्य (द) प्रेम की वेदी

2. (क) **तारसप्तक का प्रकाशन वर्ष है-**
   (अ) 1954 (ब) 1955 (स) 1543 (द) 1944

   (ख) **कामायनी रचना है-**
   (अ) निराला (ब) महादेवी वर्मा (स) जयशंकर प्रसाद (द) धूमिल

   (ग) **विनय पत्रिका के रचयिता हैं-**
   (अ) तुलसीदास (ब) अग्रदास (स) नाभादास (द) चतुर्भुजदास

   (घ) **हिन्दी का प्रथम कवि माना जाता है-**
   (अ) शबरापा (ब) सरहपा (स) लुइपा (द) कण्हपा

   (ङ) **रीतिकाल कवि हैं-**
   (अ) बिहारी (ब) भूषण (स) केशव (द) घनानन्द

P.T.O.

https://www.upboardonline.com



3. **दिए गए गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
   भातृभूमि पर निवास करने वाले मनुष्य राष्ट्र का दूसरा अंग है। पृथिवी हो और मनुष्य न हो तो राष्ट्र की कल्पना असंभव है। पृथिवी और जन दोनों के सम्मिलन से ही राष्ट्र का स्वरूप सम्पादित होता है। जन के कारण ही पृथिवी मातृभूमि की संज्ञा प्राप्त करती है। पृथिवी माता है और जन सच्चे अर्थों में पृथिवी का पुत्र है।
   (क) राष्ट्र की कल्पना कब असम्भव है?
   (ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
   (ग) पृथिवी और जन दोनों मिलकर क्या बनाते हैं?
   (घ) पृथिवी और जन के कारण पृथिवी को कब मातृभूमि की संज्ञा प्राप्त होती है?
   (ङ) पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम बताइए।

   (अथवा) विज्ञान की प्रगति के कारण नई चीजों का निरन्तर अविष्कार होता रहता है। जब कभी नया आविष्कार होता है उसे एक नई संज्ञा दी जाती है। जिस देश में उसकी सृष्टि की जाती है वह देश उस आविष्कार के नामकरण के लिए नया शब्द बनाता है। वही शब्द प्रायः अन्य देशों में बिना परिवर्तन के ऐसे ही प्रयुक्त किया जाता है। यदि हर देश उस चीज के लिए अपना-अपना अलग नाम देता रहेगा तो उस चीज को समझने में ही दिक्कत होगी। जैसे रेडियो,टेलीविजन स्पुतनिक।
   (क) गद्यांश का संदर्भ लिखिए।
   (ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
   (ग) निरन्तर अविष्कार किसके कारण होता रहता है?
   (घ) किसी चीज को समझने में दिक्कत कब होगी?
   (ङ) उपर्युक्त गद्यांश में किसकी नवीनता के संदर्भ में विचार व्यक्त किए गए हैं।

4. **दिए गए पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
   और देखा वह सुन्दर दृश्य
   नयन का इन्द्रजाल अभिराम
   कुसुम वैभव में लता समान
   चन्द्रिका से लिपटा घनश्याम
   हृदय की अनुकृति बाह्य उदार
   एक लम्बी काया उन्मुक्त
   मधु पवन क्रीड़ित ज्यों शिशु साल
   सुशोभित हो सौरभ संयुक्त
   (क) उपर्युक्त पद्यांश का संदर्भ लिखिए।
   (ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
   (ग) जब मनु ने कुतूहलवश ऊपर की ओर देखा तो उन्हें क्या दिखाई दिया?
   (घ) श्रद्धा के प्रति मनु की प्रतीति को कवि ने एकलता और बादल के टुकड़े के रूप में किस प्रकार व्यक्त कराया है?

https://www.upboardonline.com

(ङ) इस काव्यांश में कवि ने श्रद्धा के किन गुणों को दर्शाया है?

(अथवा) कहते आते थे यही अभी नरदेही
माता न कुमाता पुत्र कुपुत्र भले ही।
अब कहे सभी यह हाय! विरुद्ध विधाता
है पुत्र पुत्र ही, रहे कुमाता माता।

(क) उपर्युक्त पद्यांश का संदर्भ लिखिए।
(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(ग) कहते आते थे यही अभी नरदेही माता न कुमाता, पुत्र कुपुत्र भले ही। इस पंक्ति के माध्यम से कैकेयी ने क्या कहा है?
(घ) कैकेयी के अनुसार उनके दुष्कृत्य को देखकर अब लोग क्या कहेंगे?
(ङ) कैकेयी के अनुसार उनसे हुआ पाप किसने कराया?

5. (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी रचनाएँ लिखिए- 80 शब्दों में
   (अ) डा0 हजारी प्रसाद द्विवेदी
   (ब) हरिशंकर परसाई
   (स) डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम
   (ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी उनकी रचनाएँ लिखिए- 80 शब्दों में
   (अ) मैथिलीशरण गुप्त (ब) पंत (स) रामधारी सिंह दिनकर
6. पंचलाइट अथवा बहादुर कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।
7. स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर किसी एक खण्ड के एक प्रश्न का उत्तर दीजिए। (80 शब्दों में)
   (क) त्यागपथी खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए। (अथवा)
   (ख) त्यागपथी खण्डकाव्य के आधार पर 'हर्षवर्धन' का चरित्र-चित्रण कीजिए।
8. (क) दिए गए गद्यांश में से किसी एक का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए। https://www.upboardonline.com 7

   याज्ञवल्क्यो मैत्रेयीमुवाच-मैत्रेयि। उद्यास्यन् अहम् अस्मात् स्थानादस्मि। ततस्तेऽनया कात्यायन्या विच्छेदं करवाजि इति। मैत्रेयी उवाच-यदीयं सर्वा पृथ्वी वित्तेन पूर्णा-स्यात् तत् किं तेनाहममृता स्यामिति। याज्ञवल्क्य उवाच-'नेति।

   (अथवा) अतीते प्रथमकृत्ये जनाः एकमभिरूपं सौभाग्यप्राप्तं सर्वाकारपरिपूर्णं पुरूषं राजानमकुर्वन्। चतुष्पदाः अपि सन्निपत्य एकं सिंह राजानमकुर्वन्। ततः सकुनिगणाः हिमवत् प्रदेशे एकस्मिन् पाषाणे सन्निपत्य मनुष्येषु राजा प्रज्ञायते तथा चतुष्पदेषु च।

   (ख) दिए गए पद्यांशों में से किसी एक का ससंदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए।

   भाषासु मुख्या मधुरा दिव्या गीर्वाण भारती।





तस्या हि मधुरं काव्यं तस्मादपि सुभाषितम्।।
(अथवा) जयन्ति ते महाभागा जन-सेवा-परायणः।
जरामृत्युभयं नास्ति येषां कीर्तितनोः क्वचित्।।

9. निम्न मुहावरों एवं लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखते हुए उसका वाक्य प्रयोग कीजिए।
   (क)अपना उल्लू सीधा करना(ख)ईद का चांद होना(ग)चोर की दाढ़ी में तिनका
10. निम्न शब्दों के संधि विच्छेद के सही विकल्प का चयन कीजिए।
   (क) विद्यालयः का सन्धि विच्छेद है।
   (अ)विद्या+आलयः(ब)विद्या+आलयः(स)विद्या+लयः (द)विद्य+आलयः
   (ख) 'नायकः' का सन्धि विच्छेद है।
   (अ) नै+इकः (ब) नाय+कः (स) नै+अकः (द) ना+अकः
11. निम्न शब्द युग्मों का सही अर्थ चयन करके लिखिए।
   (क) अपेक्षा-उपेक्षा
   (अ) तुला और निरादर (ब) तुलना और बुराई
   (स) तुलना और अवहेलना (द) चाह और बुराई
   (ख) अनल-अनिल
   (अ) वायु और अग्नि (ब) पानी और आग
   (स) जल और हवा (द) अग्नि और वायु
12. (क) वीर अथवा श्रृंगार रस का स्थायी भाव साथ उसकी परिभाषा अथवा उदाहरण लिखिए।
   (ख) अनुप्रास अथवा उत्प्रेक्षा अलंकार का लक्षण और उदाहरण लिखिए।
   (ग) चौपाई अथवा दोहा छन्द का उदाहरण और लक्षण लिखिए।
13. अपने उप-जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र लिखिए जिसमें आपके गाँव में जहाँ-तहाँ ढेर लगे कूड़े-कचरे की सफाई के लिए संबंधित व्यक्ति को आदेशित करने का निवेदन किया गया हो।
   (अथवा) अपना कुटीर उद्योग प्रारम्भ करने हेतु किसी बैंक के प्रबंधक को ऋण प्राप्त करने हेतु एक पत्र लिखिए।
14. निम्न विषयों में किसी एक पर अपनी भाषा शैली में निबंध लिखिए।
   (क) वर्षा ऋतु का महत्व (ख) छात्र और अनुशासन
   (ग) विज्ञान वरदान या अभिशाप

❖❖❖